कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, छठा तल, जवाहर भवन, लखनऊ।

संख्या–एम0ई0–3/2017/324 लखनऊः दिनांक 27 मई 2017

नीट पी0जी0 2017 के अन्तर्गत निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेण्टल कालेजों, विश्वविद्यालयों/अल्पसंख्यक संस्थाओं/अल्पसंख्यक विश्वविद्यालयों/डीम्ड विश्वविद्यालयों आदि की रिक्त सीटों को मॉप–अप राउण्ड दिनांक 29 एवं 30 मई 2017 के माध्यम से भरे जाने के सम्बन्ध में अति आवश्यक सूचना

शासनादेश संख्या–1819/71–2–17–4/2017 दिनांक 26 मई 2017 (वेबसाईट www.updgme.in तथा https://upneet.gov.in पर उपलब्ध) द्वारा निजी क्षेत्र मॉप–अप राउण्ड के लिये मेडिकल/डेण्टल कालेजों, विश्वविद्यालयों/अल्पसंख्यक संस्थाओं/अल्पसंख्यक विश्वविद्यालयों/डीम्ड विश्वविद्यालयों आदि में अवशेष सीटों पर मॉप–अप राउण्ड के माध्यम से भरे जाने हेतु शासनादेश संख्या–1709/71–2–17–4/2017 दिनांक 23 मई 2017 के प्रस्तर–2 की तालिका में संशोधन किया गया है, जो निम्नलिखित हैः–

1. "माप–अप राउण्ड हेतु वे अभ्यर्थी ही अर्ह होंगे, जिन्होने निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेण्टल कालेजों/विश्वविद्यालयों/अल्पसंख्यक संस्थाओं/अल्पसंख्यक विश्वविद्यालयों/डीम्ड विश्वविद्यालयों में प्रवेश न लिया हो।
2. निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेण्टल कालेजों/विश्वविद्यालयों/अल्पसंख्यक संस्थाओं/अल्पसंख्यक विश्वविद्यालयों/डीम्ड विश्वविद्यालयों में प्रवेश के इच्छुक ऐसे अभ्यर्थी, जो (1) पूर्व में एन0आई0सी0 की वेबसाईट पर पंजीकरण नहीं करा सके हैं तथा (2) जो भारत सरकार द्वारा NEET PG(Medical/Dental) 2017, Percentile को डाउनग्रेड किये जाने से अर्हता के क्षेत्र में आ गये हैं, के द्वारा एन0आई0सी0 की वेबसाईट https://upneet.gov.in पर दिनांक 26 मई 2017 की मध्य रात्रि (12:01 A.M) से 27 मई 2017 की मध्य रात्रि (11:59 P.M.) तक ऑनलाईन पंजीकरण कराया हो, मॉप–अप राउण्ड हेतु अर्ह होंगे।

उक्त के अनुपालन में दिनांक 26 मई 2017 को आयोजित मॉप–अप राउण्ड के उपरान्त निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेण्टल कालेजों, विश्वविद्यालयों/अल्पसंख्यक संस्थाओं/अल्पसंख्यक विश्वविद्यालयों/डीम्ड विश्वविद्यालयों आदि की अवशेष सीटों पर आवंटन/प्रवेश की कार्यवाही दिनांक 29 एवं 30 मई 2017 को निम्न विवरणानुसार सम्पन्न की जायेगीः–

आवंटन स्थल	अभिलेखों का सत्यापन एवं आवंटन तिथि
श्रुति ऑडिटोरियम एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ	**निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेण्टल कालेजों/विश्वविद्यालयों/अल्पसंख्यक संस्थाओं/अल्पसंख्यक विश्वविद्यालयों/डीम्ड विश्वविद्यालयों आदि हेतु** **दिनांक 29 एवं 30 मई 2017** **पंजीकरण प्रातः 10:00 से 12:00 बजे तक** **आवंटन अपरान्ह 3:00 बजे**

- आवंटन प्राप्त छात्रों की प्रवेश प्रक्रिया आवंटन स्थल On Spot सम्पन्न की जायेगी। अतः छात्रों को निर्देशित किया जाता है कि वह अपने समस्त मूल शैक्षिक अभिलेखों तथा कालेजों हेतु निर्धारित शुल्क के साथ आवंटन स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें, मूल प्रमाण–पत्र न होने की दशा में सीट–आवंटन हेतु अर्ह नहीं होंगे।
- आवंटन प्राप्त अभ्यर्थियों को आवंटन स्थल पर ही (on Spot) प्रवेश सम्बन्धी प्रक्रिया निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेण्टल कालेजों द्वारा लगाए गए काउंटर पर सम्पन्न करानी होगी। अन्यथा की स्थिति में सीट का आवंटन रद्द कर वह सीट काउंसिलिंग–प्रक्रिया में सम्मिलित कर ली जाएगी एवं अन्य अर्ह अभ्यर्थी को आवंटित कर दी जाएगी।
- दिनांक 29 एवं 30 मई 2017 को आयोजित मॉप–अप राउण्ड हेतु काउंसिलिंग शुल्क के रूप में रू0 1,000/– (रूपए एक हजार मात्र) तथा सिक्योरिटी धनराशि के रूप में रू0 1,00,000/– (रूपए एक लाख मात्र) का डिमाण्ड ड्राफ्ट जो महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ के नाम से लखनऊ में देय हो, जमा करना अनिवार्य होगा। **नकद धनराशि किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जायेगी।**

मॉप–अप राउण्ड आवंटन के संबंध में अन्य आवश्यक सूचनायें वेबसाईट www.updgme.in तथा https://upneet.gov.in पर तथा दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित की जायेगी।

महानिदेशक